| |
|---|
| दिनांक 09.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 421/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना गुलावठी**

- **पुलिस कार्यवाही में 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त घायल/मृत**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 08/09.08.2026 की रात्रि थाना गुलावठी, थाना ककोड़, थाना सिकन्द्राबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर छपरावत के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक उ0नि0 व एक आरक्षी घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मोनू घायल हो गया एवं एक बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। जहाँ पर चिकित्सकों द्वारा घायल अभियुक्त मोनू को मृत घोषित कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि मृत अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी था, जिसके विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर, अलीगढ़, बरेली व कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में हत्या, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। मृत अभियुक्त मोनू थाना ककोड़ पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**मृत अभियुक्त**

1–मोनू निवासी ग्राम फतेहपुर जादौन थाना चोला जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

**जनपद फिरोजाबाद/थाना दक्षिण**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के सफेद धातु के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 08.08.2026 को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर टी एल तिराहा बाउड्री प्लाट के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त रामजीत घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूट के सफेद धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना दक्षिण पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दक्षिण पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रामजीत निवासी न्यू रामगढ़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी**

1–लूट के सफेद धातु के आभूषण।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद जालौन/थाना कोतवाली कालपी**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 लाख 72 हजार 20 रूपये नगद**
- **चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 09.08.2026 को थाना कोतवाली कालपी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान अभियुक्त शिवम को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 लाख 72 हजार 20 रूपये नगद, चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कालपी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कालपी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली कालपी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिवम निवासी ग्राम पिथऊपुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–चोरी के 02 लाख 72 हजार 20 रूपये नगद।

2–चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण आदि।

**जनपद कासगंज/थाना गंजडुण्डवारा**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 08/09.08.2026 की रात्रि थाना गंजडुण्डवारा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कादरगंज रोड स्थित बन्द पड़े ईंट भट्टे के पास से 03 अभियुक्तों

1–पिन्टू उर्फ पिन्टा 2–कासिम 3–शौकीन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त पिन्टू उर्फ पिन्टा शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कासगंज, बदायूं, एटा, शाहजहाँपुर, कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 22 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गंजडुण्डवारा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–पिन्टू उर्फ पिन्टा निवासी नगला छेदा थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज।
2–कासिम निवासी मोहल्ला मंसूर कस्बा व थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज।
3–शौकीन निवासी ग्राम नगला प्रीतम थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल।

**<u>जनपद हापुड़/थाना सिम्भावली</u>**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 कुन्तल 50 किलोग्राम विद्युत तार**
- **चोरी के 40 हजार रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया, 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 08.08.2026 की रात्रि थाना सम्भावली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हरोडा नया फ्लाई ओवर के सर्विस रोड़, पहले अण्डरपास के पास से 05 अभियुक्तों 1–मोनिश 2–अरबाज 3–नाजिम 4–नौशाद 5–जमशेद को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 कुन्तल 50 किलोग्राम विद्युत तार, चोरी के 40 हजार रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया, 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना सिम्भवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा विद्युत तार चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद विद्युत तार व रूपया चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त मोनिश व अरबाज के विरूद्ध जनपद हापुड़, अमरोहा व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, विद्युत अधिनियम व आर्म्स एक्ट आदि के 17–17 अभियोग, अभियुक्त नाजिम के विरूद्ध जनपद हापुड़ व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, विद्युत अधिनियम व आर्म्स एक्ट आदि के 16 अभियोग एवं अभियुक्त जमशेद के विरूद्ध जनपद सम्भल, हापुड़ व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, विद्युत अधिनियम व आर्म्स एक्ट आदि के 21 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मोनिश निवासी ग्राम पपसरा खादर थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

2–अरबाज निवासी ग्राम पपसरा खादर थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

3–नाजिम निवासी ग्राम पपसरा खादर थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

4–नौशाद निवासी उमरीपीर थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर।

5–जमशेद निवासी ग्राम मसीत थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर।

**बरामदगी**

1–चोरी के 02 कुन्तल 50 किलोग्राम विद्युत तार।

2–चोरी के 40 हजार रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया, 01 दो पहिया वाहन आदि।

————————